तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 52 जोड़ों ने लिए सात फेरे



14 एक अप्रैल से सस्ती हो रही अंग्रेजी शराब




मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*


## खबर संक्षेप

### करेली बड़ी में कबीर सत्संग आज से

**मगरलोड।** सद्गुरु कबीर सत्संग समिति करेली बड़ी द्वारा कबीर सत्संग का आयोजन 29 से 31 मार्च तक साहू समाज भवन में किया गया है। प्रवचनकर्ता साध्वी चंद्रकला साहेब आश्रम सोनार देवरी जिला बलौदाबाजार अपना संत मंडली के साथ पधार रही हैं। प्रवचन प्रातः 10 से 1 बजे एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम की तैयारी में शेषनारायण साहू, चंद्रहास साहू, लेखराम साहू, तारेश्वर साहू, नारायण साहू, कृपाराम साहू, रामदयाल साहू, देवनाथ साहू, अश्वनी साहू, शेषकुमार साहू, कांशी राम साहू, जीवन गौटिया, मनबोध साहू, ओमनाथ साहू, नागेश साहू, लालजी साहू जुटे हैं।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में आर्य प्रथम

**जीजामगांव।** नवोदय विद्यालय समिति ने सत्र 2025-26 के लिए नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। जिला धमतरी की



मेरिट सूची में नानी कल्याण विद्यालय अंग्रेजी माध्यम सरबदा के आर्य सेन पिता पुरुषोत्तम सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं गृह ग्राम कचना को गौरवान्वित किया है। प्राचार्या श्रीमती स्वर्णलता लिम्मा ने बताया कि पिछले कई वर्ष से इस शाला से बच्चों का नवोदय में चयन होता रहा है। शिक्षिका टीना मुनीम, झरना साहू, होशाना पूर्ती, वत्सला साहू, रीबिका दिसारी, रीना टोप्पो, नंदिनी मलिक, नोकेश्वरी साहू, अश्वनी बारला, ममता साहू, मोनिका गोस्वामी, ऊषा गोस्वामी, परदेन लकड़ा, रोहिमा कच्छप, प्रोमिला, आशाकिरण, रश्मिता, अशिमा, अनूपा धनवार, वायपी गोस्वामी, मिथिलेश साहू, पुनेश साहू ने हर्ष जताया है।

### हसदा स्कूल की काव्या का नवोदय में चयन

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर हसदा नम्बर 1 में अध्ययनरत कक्षा पंचम की छात्रा काव्या ध्रुव पिता



राजकुमार ध्रुव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य चेलाराम पटेल ने बताया कि काव्या ने कक्षा अरुण से चतुर्थ तक प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह शुरू से मेधावी रहीं। छात्रा की सफलता पर लोकेश्वरी ध्रुव समेत कोदईया शिक्षण समिति के अध्यक्ष तरुण पटेल, सचिव शिवशंकर यादव, कोषाध्यक्ष जुगलकिशोर साहू, रोहित साहू, कांशीराम साहू, एचआर मांगिया, देवनारायण साहू, बाबूलाल बघेल, सुनील नगारची, नंदकुमार शर्मा, बिसहत पटेल, सरपंच ईश्वरी साहू और ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार यशवंत निषाद पिता जोईधा उम्र 46 वर्ष ग्राम साल्हेभाट थाना केरेगांव निवासी की हमेशा तबीयत खराब रहती थी जिसका उपचार चल रहा था। फिर भी युवक की तबीयत में सुधार नहीं आ रहा था। परेशान युवक ने 22 मार्च को घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। बेहोशी की हालत में उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

---

चना खरीदी में अनियमितता की शिकायत, किसान हो रहे परेशान

# मिट्टी मिक्स चना बताकर किसानों से की जा रही वसूली

**केस 1**

कमल साहू 61 क्विंटल चना बेचने के लिए खरीदी केंद्र पहुंचा था। चना को मिट्टी और डंठल मिक्स कहकर फेल बताया गया। बाद में 15 सौ रुपए लेकर चना को पास किया गया। किसान ने बताया कि चना पास करने वाला बाहर का व्यक्ति था। चना वापस लेकर आने में और खर्च हो जाता, इसलिए उन्होंने 15 सौ रुपए देने में ही भलाई समझी।

**केस 2**

किसान पंकज साहू भी चना बेचने के लिए खरीदी केंद्र पहुंचा हुआ था। उसने बताया कि कई किसानों से चना पास करने के नाम पर वसूली की जा रही थी। दो किसानों ने इस मामले को लेकर हंगामा मचाया, तब जाकर वसूली बंद हुई, लेकिन इसके बाद क्वालिटी खराब बताकर किसानों को परेशान किया गया।

### जांचकर्ता चने को खराब बता रहे

किसानों ने बताया कि जिले के अधिकांश क्षेत्र के खेतों की मिट्टी कन्हार है। कटाई करते वक्त यह मिट्टी उपज में आ ही जाती है। एक बार धोने पर मिट्टी आसानी से चली जाती है। चना के पौधों के डंठल थोड़े मजबूत होते हैं, जो थ्रेसर से मिंजाई करने पर कई बार उपज में आ जाते हैं। इसी को देखकर क्वालिटी जांचकर्ता चना की क्वालिटी खराब बता रहे हैं और चना को पास करने के लिए वसूली कर रहे हैं।



### ज्यादा चना लेने की शिकायत

वजन के दौरान हर बोरे में चना ज्यादा तौले जाने की भी शिकायत किसानों ने की है। किसानों ने बताया कि हर बोरे नियम के अनुसार 200-250 ग्राम चना उपर लिया जा सकता है, लेकिन खरीदी केंद्रों में 800 ग्राम तक चना उपर लिया जा रहा है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। कुछ किसानों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से भी की है। यही नहीं प्रति एकड़ चना खरीदी की लिमिट तय है। खरीदी केंद्रों में लिमिट से ज्यादा चना भी खरीदी किए जाने की शिकायत मिल रही है।

### कोचियों को बेच रहे किसान

खरीदी केंद्रों में हो रही समस्याओं को देखते हुए किसान कोचियों और व्यापारियों को सस्ते में चना बेच रहे हैं। किसान बिसंभर साहू ने बताया कि खरीदी केंद्रों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चना बेचने के लिए पंजीयन तो कराया है, लेकिन समस्याओं को देखते हुए व्यापारी को 5300 रुपए क्विंटल के हिसाब से चना बेच दिया है। उन्होंने करीब 43 कट्टा चना बेचा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चना खरीदी के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। नमी और मिट्टी युक्त बताकर चना को पास करने के लिए किसानों से 15-15 सौ रुपए लिए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर दो दिन पहले तरसींवा खरीदी केंद्र में बवाल भी हुआ, जिसके चलते उसके बाद से खरीदी केंद्र में वसूली बंद हुई। अन्य खरीदी केंद्रों में भी किसानों से वसूली की शिकायत मिल रही है।

इस साल राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर किसानों से चना की खरीद रही है। खरीदी के लिए सिस्टम बनाया गया है, जिसमें विभिन्न समितियों को खरीदी केंद्र बनाया गया है। जिले में आठ समितियों को खरीदी केंद्र के रूप में स्वीकृति मिली है। खरीदी केंद्र सिर्फ खरीदी की व्यवस्था कर रहा है। चना की क्वालिटी जांच के बाद चना की खरीदी केंद्रीय एजेंसी एनसीसीएफ के माध्यम से की जा रही है। खरीदी के दौरान चना की क्वालिटी जांच के लिए एजेंसी के कर्मचारी खरीदी केंद्र में नियुक्त हैं। ये कर्मचारी बाहर से आए हैं। किसानों ने बताया कि एजेंसी के कर्मचारी चना को खराब क्वालिटी बताकर किसानों से वसूली कर रहे हैं। हर किसान से चना को पास करने के लिए 15-15 सौ रुपए लिया जा रहा है। तरसींवा समिति में इस मामले को लेकर दो दिन पहले हंगामा भी हुआ।

### 196 किसानों ने बेचा 8591 क्विंटल चना

जिले में 8 खरीदी केंद्रों को स्वीकृति मिली है। इसमें से 7 केंद्रों में खरीदी चल रही है। जबकि नगरी खरीदी केंद्र में 2 अप्रैल से खरीदी शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार अब तक 196 किसानों से 8591 क्विंटल चना की खरीदी की गई है। सर्वाधिक खरीदी तरसींवा खरीदी केंद्र में 357 किसानों से 3915.50 क्विंटल हुई है। लोहरसी खरीदी केंद्र में 175 किसानों से 1219.50 क्विंटल, छाती खरीदी केंद्र में 101 किसानों से 851 क्विंटल, कातलबोड़ में 107 किसानों से 1030 क्विंटल, रामपुर खरीदी केंद्र में 59 किसानों से 650.50 क्विंटल, कुरूद खरीदी केंद्र में 98 किसानों से 917 क्विंटल और मगरलोड खरीदी केंद्र में 3 किसानों से 7.50 क्विंटल चना की खरीदी की गई है।

---

शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

महापौर सहित सभी सदस्यों की रही मौजूदगी

# निगम की पहली एमआईसी में 45 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम में सत्ता परिवर्तन के बाद शुक्रवार को मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक हुई। महापौर रामू रोहरा की कैबिनेट द्वारा शहर में विकास की गंगा बहाने प्राथमिकता के साथ 11 विषय रखे गए। हाईटेक बसस्टैंड, ड्रेनेज सिस्टम सहित विभिन्न कार्यों के लिए 8 एजेंडे में करीब 45 करोड़ का अनुदान व स्वीकृति शासन से मांगने प्रस्ताव पारित किया गया। 8 में से दो एजेंडे की राशि डीएमएफ से दिलाने तथा तीन एजेंडे न्यायालय में अधिवक्ता, तालाबों की लीज तथा 2025-26 बजट अनुशंसा की है।

तय एजेंडे पर महापौर कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई जिसमें नगरनिगम धमतरी का वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट एवं 2024-25 के पुनरीक्षित बजट की अनुशंसा की गई। ग्राम अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण कार्य के लिए 17 करोड़ 92 लाख 64 हजार रूपए की प्रस्तावित कार्य योजना, नागरिक सहकारी बैंक के पीछे रिक्त नजूल भूमि में नालंदा परिसर, लाइब्रेरी के लिए 5 करोड़, सिहावा रोड धमतरी में निर्माणाधीन आडिटोरियम आंतरिक एवं बाह्य विकास के लिए 7 करोड़ रूपये, बालक चौक में नवनिर्मित शापिंग काम्पलेक्स के तृतीय तल में पीपीपी मोड पर को-वर्किंग स्पेस निर्माण के लिए 55 लाख रुपये, निगम क्षेत्रांतर्गत बरसाती एवं निस्तारी पानी की समुचित निकासी एकीकृत ड्रेनेज सिस्टम के लिए 10.36 करोड़ रूपये, सुभाषनगर स्थित कांटा तालाब परिसर में चौपाटी सौंदर्यीकरण अन्य विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ रूपये की प्रस्तावित कार्ययोजना स्वीकृति एवं अनुदान के लिए शासन को प्रेषित करने का प्रस्ताव पास किया गया।

### पिछले कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा



बैठक में महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन, आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, हिमानी साहू, अखिलेश देवांगन, निलेश लुनिया, श्यामलाल नेताम, विभा चंद्रकर, पिंटू यादव सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### एमपी थियेटर और चौपाटी डीएमएफ से

नगर विकास के लिए प्रस्तावित विषय में दो एजेंडे ऐसे हैं जिसके लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पास किया गया है। रामसागर तालाब उद्यान परिसर में एमपी थियेटर निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रूपए की प्रस्तावित कार्ययोजना तथा पोस्ट आफिस वार्ड में नागरिक सहकारी बैंक के बाजू रिक्त भूमि में चौपाटी निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 40 लाख रूपए की स्वीकृति की अनुशंसा डीएमएफ से की गई है।

### न्यायालयीन प्रक्रिया के लिए अधिवक्ता

नगर निगम के पेंटिनगंज सहित कई मामले ऐसे हैं जिसका वाद हाईकोर्ट में चल रहा है। अधिवक्ता संघर्ष पांडे, अजीत सिंह, रमाकांत पांडे के साथ साथ पूर्णतः पंकज अग्रवाल को उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायालीन प्रकरणों में निगम का पक्ष, समर्थन, पैरवी एवं विधिक सेवाओं के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावा शहर के 13 तालाबों का पुनः लीज नवीनीकरण पर विचार किया गया।

### फर्जी राशनकार्ड, गार्डन चेयर, घटिया लाइट की जांच के लिए बनेगी टीम

निगम में एमआईसी की प्रथम बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी अध्यक्ष विजय मोटवानी ने पिछले कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। इस पर जांच टीम गठित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ।

---

# निगम के हर विभाग में 7 पार्षदों की सलाहकार समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम की स्पीकर कौशिल्या देवांगन ने निगम के सभी 8 विभाग में सलाहकार समिति का गठन किया है। समिति के ये सदस्य मेयर इन काउंसिल के सदस्यों से अलग हैं, जो संबंधित विभाग के बेहतर कार्य के लिए सलाह देंगे।

नगर पालिक अधिनियम की धारा 37 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर निगम की स्पीकर श्रीमती देवांगन ने सभी विभागों में 7-7 सदस्यों की नियुक्ति की है। जानकारी के अनुसार आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग में हेमन्त बंजारे, ईश्वरलाल सोनकर, श्रीमती नम्रतामाला पवार, श्रीमती चंद्रभागा साहू, मेघराज ठाकुर, कुलेश सोनी, श्रीमती उमा बाई ध्रुव को शामिल किया गया है। विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग में श्रीमती आशा लोधी, श्रीमती भारती साहू, अज्जु देशलहरे, हेमन्त बंजारे, मेघराज ठाकुर, श्रीमती सुमन मेश्राम, श्रीमती पूर्णिमा भरत देवांगन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग में कुलेश सोनी, मेघराज ठाकुर, श्रीमती आशा लोधी, हेमन्त बंजारे, गजेन्द्र कंवर, कुशल लोढ़ा, दीपक सोनकर, जल कार्य विभाग में हेमन्त बंजारे, श्रीमती आशा लोधी, श्रीमती चंद्रभागा साहू, अज्जु देशलहरे, सतीश पवार, शैलेश रजक, सूरज



गहरवाल, राजस्व एवं बाजार विभाग में संजय कुमार देवांगन, गजेन्द्र कंवर, शैलेश रजक, राकेश चंदवानी, तल्लीनपुरी गोस्वामी, प्रकाश सिन्हा, श्रीमती रामेश्वरी कोसरे, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग में श्रीमती भारती साहू, श्रीमती आशा लोधी, श्रीमती अनीता प्रदीप अग्रवाल, संजय कुमार देवांगन, सतीश पवार, कोमल सार्वा, रामेश्वर, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग में अज्जु देशलहरे, ईश्वरलाल सोनकर, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती चंद्रभागा साहू, संतोष सोनकर, हेमन्त बंजारे, प्रकाश सिन्हा, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभाग में कुलेश सोनी, संजय कुमार देवांगन, श्रीमती चंद्रभागा साहू, शैलेश रजक, संतोष सोनकर, मदन नेवारे, योगेशलाल को शामिल किया गया है।

---

# गांजा बेचते महिला सहित तीन गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस को मुखबीर से विंध्यवासिनी वार्ड के खोड़िया तालाब के पास दो लोगों द्वारा अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। यहां वीर मरकाम पिता डाक्टर उम्र 40 वर्ष व सुनीता मरकाम पिता खिलाड़ी उम्र 35 वर्ष दोनों को स्टेशनपारा निवासी अवैध रूप से गांजा की बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 365 ग्राम मादक पदार्थ अवैध गांजा कीमत 3 हजार रूपए व नकदी 1110 रुपए कुल 4110 रुपए जब्त किए गए। इसी तरह पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर विंध्यवासिनी वार्ड में स्थित गढ़कलेवा के पास अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहे प्रवीण ढीमर उर्फ चांटी पिता जगदीश उम्र 25 वर्ष ब्राम्हणपारा निवासी को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 235 ग्राम गांजा कीमत 3 हजार रूपए व नकदी 1200 रुपए, 1 नग मोबाइल कीमत 10 हजार कुल 14 हजार 200 रुपए को जब्त किया। पुलिस ने तीनों आरोपी वीर मरकाम, सुनीता मरकाम व प्रवीण ढीमर को धारा 20/ख एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

---

शीतला मंदिर दानीटोला से कलेक्टोरेट तक निकाली रैली

# शराब दुकानों के विस्तार और नशाखोरी के खिलाफ की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भगवती मानव कल्याण संस्थान तथा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने शराब दुकानों के विस्तार एवं मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ रैली निकालकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की आवाज उठाई है।






शुक्रवार को भगवती मानव कल्याण संस्थान तथा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के बैनरतले कार्यकर्ताओं ने नशाखोरी के खिलाफ रैली निकाली। शीतला माता मंदिर दानीटोला से करीब 300 कार्यकर्ताओं की रैली निकली। रैली कलेक्टोरेट पहुंची। नशाखोरी के खिलाफ आवाज बुलंद की और अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि संगठन एवं पार्टी के संचालक शक्तिपुत्र के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पूरे प्रदेशभर में नशाविरोधी अभियान चलाया जा रहा है। समाज में आपसी भाईचारा बनाने, नशामुक्त, मांसाहार मुक्त चरित्र एवं चेतनावान समाज निर्माण के साथ जातिभेद सामाजिक बुराईयों को दूर कर सभी धर्म सम्प्रदायों को एकसूत्र में पिरोने के पथ पर कार्य कर रहे हैं।

छग शासन ने प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोलने का आदेश दिया है। नशे के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। दुष्कर्म, छेड़खानी सहित बड़े-बड़े अपराध हो रहे हैं। युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है। संगठन एवं पार्टी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आबकारी नीति में नई 67 शराब दुकाने की अनुमति नहीं देने तथा जिले में अवैध शराब, गांजा, तम्बाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश्वर साहू, रूपकुमार ध्रुव, युवराज साहू, संतोष पटेल, कमलेश साहू, मौरध्वज साहू सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप




### चिटौद में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पुरूर(धमतरी)।** युवा सुनता संगठन चिटौद एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता गांधी चौक ग्राम चिटौद में 29 मार्च को रखी गई। प्रवेश शुल्क 301 रूपये निर्धारित है। प्रथम पुरस्कार 11001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये व ट्राफी प्रदान की जायेगी। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 29 मार्च को प्रदीप रणसिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता सरपंच तीरथयादव करेंगे। विशेष अतिथि प्रमिला साहू, सुरेन्द्र तिवारी, पुरूषोत्तम सिन्हा, सूर्या चक्रधारी, भुखउ राम फूटान, रमेशप्रसाद जोगी, रमेश नेताम, पीलूराम सूर्यवंशी, रूपराम नागवंशी, जितेन्द्र साहू, डां. गोपीचंद साहू, कुमारीबाई साहू, गौरव यादव होंगे।

### सियारीनाला स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला को पालक, शिक्षक एवं ग्रामवासियों ने 43 इंच का स्मार्ट टीवी प्रदान किया साथ ही कक्षा पांचवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह रखा गया। जयश्री कृष्णा स्व-सहायता समूह गुडरापारा द्वारा न्योता भोज में खीर पूड़ी एवं पनीर परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुगोन नेताम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, प्रधानपाठक खेमन सार्वा, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम, होमनलाल साहू, लीना नेताम समेत ग्रामवासी सरोजनी कुंजाम, चमरीन बाई पंच, खिलेश्वरी निषाद, ममता पडौटी, भगवती पड़ौटी, सावित्री कुंजाम, देवदत्त पडौटी, चिंताराम सोरी उपस्थित थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव ने मनाई कर्मा जयंती, वार्षिक सम्मेलन भी हुआ

# आज हमें एक अच्छे संस्कार का सृजन करने की जरुरत है : सार्वा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

बेलरगांव भूमका जोन क्रमांक 2 में परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव द्वारा कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। वार्षिक सम्मेलन समारोह भी हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा, जनपद सदस्य नंदनी साहू ,उपसंरपच मोहनी साहू, गणेश राम साहू उपसंरपच नवागांव, महेंद्र साहू उपसरपंच भुरसीडोंगरी का सामाजिकजनों ने आत्मीयता से स्वागत किया गया। इसी कड़ी में बेलरगांव परिक्षेत्र के ग्राम भूमका में भक्त माता कर्मा की जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन समारोह मनाया गया। साहू समाज के लोगों ने बेलरगांव से भूमका तक मोटर साइकिल रैली, भव्य कलश यात्रा निकाली। शोभायात्रागलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां पर माता कर्मा की पूजा-अर्चना की गई।

मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिपं थे। अध्यक्षता मनीराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रिय साहू समाज बेलरगांव ने की। विशेष अतिथि नरोत्तम लाल साहू संरक्षक, डॉक्टर जयकिशन नाग, नंदनी साहू जनपद सदस्य, सतरूपा नेताम सरपंच हिर्रीडीही भूमका, रीता नेताम सरपंच बेलरगांव, संगीता मरकाम उपसरपंच हिर्रीडीही, मोहिनी साहू उप सरपंच बेलरगांव, मनोहर दास मानिकपुरी अध्यक्ष भाजपा मंडल बेलरगांव, कैलाशनाथ प्रजापति अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव, अमर सिंह पटेल ग्राम पटेल बेलरगांव, चेतनलाल नाग ग्राम पटेल भूमका , मयाराम मरकाम अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति भूमका, लीलांबर सिंह, आसकरण नेताम थे। कार्यक्रम में बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर माता कर्मा की खिचड़ी खिलाते हुए झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सार्वा ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छी शिक्षा की जरूरत है। समय के साथ-साथ अपने कृषि को भी उन्नत बनाने की जरूरत है। आज समाज को एकजुट होने, एक अच्छे संस्कार का सृजन करने की आवश्यकता है तभी हमारी भावी पीढ़ी और समाज उन्नति के शिखर तक पहुंचेगा।

भक्तमाता कर्मा की 1009 वी जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव का द्वितीय सोपान रात्रि 8 बजे प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी थे। अध्यक्षता मनीराम साहू ने की। विशेष अतिथि नरोत्तम साहू, कंवल राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, पुनीतराम साहू संरक्षक, पदुमलाल साहू सचिव, लेखराम साहू अंकेक्षक, श्रीमती हेमलता साहू अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, लोमश साहू कर्मचारी प्रकोष्ठ, जन्मेजय साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, डोमार सिंह साहू पूर्व संरक्षक तहसील साहू समाज, हेमराज साहू पूर्व अध्यक्ष परीक्षेत्रीय, हरिराम साहू पूर्व अध्यक्ष परीक्षेत्रीय, बृजलाल साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र, रामभुवन सार्वा पूर्व सदस्य जिला साहू संघ धमतरी, कमला देवी साहू पूर्व सचिव महिला प्रकोष्ठ, चमरूराम साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव, मानकलाल साहू अध्यक्ष, संचालक अहिल्या साहू, सीताबाई साहू, महेश्वरी साहू खेमू साहू, नारद साहू, पुष्प कुमार, मोहन साहू, उमेश साहू, यतेंद्र साहू, भुनेश्वरी साहू, कल्पना आडिल, नीलकला, योगिता साहू ,पुष्पा बाई साहू, सुशीला साहू उपस्थित थे।






# नेताजी के वंशज सोमनाथ बोस से मिले नगरी के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सर्व हिंद सनातन समाज जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत सामाजिक समन्वय जन संकल्प अभियान का आयोजन नूतन स्कूल प्रांगण मराठपारा में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस शामिल हुए। इस कार्यक्रम में नगरी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के सभी समाज प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र व गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया।

समारोह में नगरी सिहावा के प्रतिनिधियों ने सोमनाथ बोस से भेंटकर सप्तऋषि क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता से उन्हें अवगत कराया। इस भेंटवार्ता में डॉ. गोकुलराम देवांगन, रवि शंकर दुबे, महेंद्र नेताम, मोतीलाल दिवाकर, विनय देवांगन, शारदा प्रसाद ग्वाले, अधिवक्ता तुलसीराम साहू, रुपेंद्र साहू, परमेश्वर साहू व डेविड उपस्थित थे। प्रतिनिधियों ने सोमनाथ बोस को नगरी आने आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और भविष्य में नगरी आने की इच्छा व्यक्त की। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक उत्थान और प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# ग्राम विकास समिति करेली बड़ी के अध्यक्ष बने शेखूराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सोमवार को गांव की ईष्ट देवी शीतला माता मंदिर के प्रांगण में ग्राम विकास समिति करेली बड़ी के नवीन सदस्य बनाने बैठक आहूत की गई। सर्वसम्मति से पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष शेखूराम साहू को ग्राम विकास समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। इसके लिए पूर्व जनपद सदस्य सन्तोष साहू ने नाम पारित किया। उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू, कोषाध्यक्ष हिम्मत साहू, सचिव यादराम निषाद, सहसचिव झालू राम साहू बनाए गए। नवीन पदाधिकारियों ने गांव के विकास को पहली प्राथमिकता दी।

मौके पर सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वर, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, पंचगण नरेश भारती, संतोष मांडे, ढालेश साहू, गायत्री बाई साहू, विद्या निषाद, सुरूज बाई निषाद, गौरी बाई निषाद, गायत्री सेन, भुनेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच डोमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य संतोष साहू, तामेश्वर सोनकर, नेहरुराम साहू, पोखराज निषाद, श्रीराम साहू, चंदूलाल जामरे, सुखीराम साहू, राम साहू, शंकर साहू, नंदकुमार साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### कठौली, खर्रा, हथबंद में मानस सम्मेलन का शुभारंभ



**सिर्री।** सिर्री क्षेत्र के ग्राम कठौली, खर्रा, हथबंद में श्रीराम चरित्रमानस सम्मेलन सहित स्पर्धा का आयोजन 28 से 30 मार्च तक रखा गया है। इस आयोजन में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने शिरकत की। वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजा आरती पश्चात मानस सम्मेलन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। शुभारंभ अवसर पर पहुंचे श्री साहू ने अपने उद्बोधन में श्रीराम के आदर्श को जीवन में अमल करने की बात कही। भगवान श्रीराम मर्यादा में रहकर समस्त मानव जाति के लिए आदर्श स्थापित किए और मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाए। इस अवसर पर कठौली सरपंच खेमराज साहू, हथबंद सरपंच ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य अनुराग साहू, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, खेमन साहू, नरेंद्र धुवंशी, अजय कश्यप पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, रोहित निषाद, फगनी निषाद, लीलाराम साहू, हुलसी साहू, चित्ररेखा साहू, बलराम साहू, बढ़ोतम साहू उपस्थित थे।

### पदमपुर में हिंदू जागरण मंच का गठन



**नगरी।** हिंदू जागरण मंच की नगरी खंड के ग्राम पदमपुर में बैठक हुई। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक पुरूषोत्तम निषाद, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य अतीश शर्मा, नगरी खंड संयोजक करण सेन ने संगठन का गठन किया। ग्राम पदमपुर में सर्वसम्मति से हिंदू जागरण मंच के संयोजक टोमेश्वर सेन,सहसंयोजक शैल यादव, आशीष मरकाम बनाए गए। मौके पर शिवांश साहू, जितेंद्र ध्रुव, नेहरू बिसेन, अरविंद नेताम, मंगेश्वर, हर्ष देव, तुलसी राम, परमेश्वर कुमार, वेद प्रकाश, अमन, करण, गणेश मरकाम, गजेन्द्र, निखिल, पंकज, शेष कुमार, परमेश्वर कुमार, अरविंद नेताम, गणेश मरकाम, युवराज नेताम, डोमार, हेमंत निषाद, मोहन निषाद शिवनाथ ध्रुव मौजूद रहे।

### आत्मरक्षा की कला सीख रहीं रामपुर स्कूल की छात्राएं



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के स्कूल प्रांगण में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण पल्लवी द्वारा दिया जा रहा है। इसमें रामपुर स्कूल की सभी बालिकाएं भाग ले रही हैं। प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण आयोजित है। इस आयोजन में आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### सशिमं करेली बड़ी के चार छात्रों का नवोदय में चयन



**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में कक्षा पंचम में अध्यापन कर रहे 4 विद्यार्थियों गायन्तिका बघेल पिता जैतराम बघेल, साहिल निषाद पिता महेंद्र निषाद, तेजश साहू पिता नोकेश साहू और होमेश साहू पिता ऋषि साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य नूतन साहू ने बताया कि चार छात्रों शुरू से पढ़ाई लिखाई में मेधावी रहे। इनकी सफलता पर संयोजक भोजराम साहू, हीरालाल साहू, पदुम साहू, दानेश्वर सिन्हा, जितेंद्र सोनी, महेंद्र साहू, खुमान सिन्हा, चम्मन साहू, चोवाराम निषाद, किसुन यादव, विजय साहू, डोमार साहू, हिरमिषा साहू, भोलेश्वरी साहू, आरती शर्मा, धनेश्वरी साहू, ईश्वरी साहू, सावित्री बाई ने खुशी व्यक्त की है।

# शिविर में 50 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा





प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र सांकरा में हरियर परिवार द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 50 युवाओं ने रक्तदान कर जागरूकता का परिचय दिया। इससे पहले हरियर परिवार ने 100 पेड़ लगाकर गांव का नाम रोशन किया था। आज रक्तदान कर अनूठी पहल की है। रक्तदान में श्रीराम संगठन के युवाओं व ग्राम फरसियां के युवाओं ने भाग लिया।

भूपेश बनपेला, तोषक पटेल, बंटी साहू, विजय जैन, कमलेश सार्वा, किशोर सार्वा, छोटू साहू, बल्लू साहू, तरुण साहू, राकेश साहू, ओमप्रकाश चंदनिया, खम्मन निर्मलकर, नरेंद्र पटेल, अखिल भंडारी, राकेश साहू, कल्याण मत्स्यपाल, चंद्रशेखर साहू, नागेन्द्र बोरझा, कमलकिशोर साहू, चंद्रकुमार, राजेश्वर सिन्हा, नेमू साहू, भुवनेश्वर साहू, रोशन ठाकुर, तुलाराम साहू समेत बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

# डांडेसरा स्कूल में विदाई समारोह एवं न्योता भोज

- स्वच्छता के साथ अच्छे आचरण को अपनाएं : ग्राम पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय माध्यमिक शाला डांडेसरा में विदाई समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ नवनिर्वाचित सरपंच खुमेश्वरी साहू ने मां सरस्वती के छाया-चित्र की पूजा-अर्चना कर किया। कक्षा 7 वीं के बच्चों द्वारा कक्षा 8 वीं के बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, कविता, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 6 वीं, 7 वीं के बच्चों ने विदाई पर अपने विचार रखे। सरपंच खुमेश्वरी साहू को शाला परिवार ने श्रीफल व कलम देकर सम्मानित किया। सरपंच ने कक्षा 8 वीं के छात्र-छात्राओं को कलम भेंट की। ग्रामीण सालिकराम साहू ने शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया। बच्चों ने अपने तीन साल का अनुभव बारी-बारी से साझा किया। ग्राम पटेल अंगदराम साहू ने बच्चों को स्वच्छता के साथ अच्छा आचरण करने के बारे में बताया। सरपंच ने अपने उद्बोधन में व्यवहारिकता कौशल, बुरी संगति को छोड़कर अच्छी संगत करने की सीख दी। मंच संचालन शाला के प्रधानपाठक राजेश साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पंकज जोशी, हरीश साहू, शाला समिति के अध्यक्ष छेदन नागे, शेषनारायण साहू, दीपक साहू, गोपेश्वर जोशी, हरिशंकर साहू, कैलाश साहू, सियाराम रात्रे, संजय जोशी, खूबलाल साहू, राजनारायण दीवान, योगेंद्र साहू, संतोषी कंवर, चित्रकुमारी साहू उपस्थित थे।

# डांडेसरा में मां कर्मा की जयंती मनाई गई

- समाज की बालिकाओं एवं महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



ग्रामीण साहू समाज ग्राम डांडेसरा परिक्षेत्र बानगर द्वारा साहू समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती साहू डांडेसरा में मनाई गई। समाज की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा ग्राम के भाठापारा शिव मंदिर से बस्तीपारा साहू भवन तक कलशयात्रा निकाली गई। ग्रामीण साहू भवन में मां कर्मा की मूर्ति का स्थापना पूरी विधि-विधान से पंडित दिलेश्वर प्रसाद शास्त्री द्वारा हवन पूजन कर की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं सभी पंचों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति तोरण लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी थे। अध्यक्षता राधेश्याम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज कुरूद ने की। विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज बानगर, महेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ कुरूद, हरिशंकर साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज डांडेसरा, मनोज साहू, जगमोहन साहू, इंदिराबाई साहू, लक्ष्मण साहू ग्रामीण अध्यक्ष, अंगद साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज थे। शाम को अर्चना महिला मानस मंडली बड़े करेली की प्रस्तुति हुई। मंच संचालन शिक्षक महेंद्र साहू, किरण कुमार साहू ने किया।

इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज उपाध्यक्ष शेषनारायण साहू, सचिव लाकेश साहू, प्रभुराम साहू, डेरहाराम साहू, महेश साहू, चैनलाल साहू, कैलाश साहू, तारेंद्र साहू, महेश साहू, उमेश साहू, गोविंद साहू, हरीश साहू, शिवकुमार साहू, क्षेत्रपाल साहू, टिकेश्वर साहू, सतीश साहू उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी : रोहरा

**धमतरी।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा स्वच्छता दीदियों के लिए महिला स्वास्थ्य संगोष्ठी और सम्मान कार्यक्रम रखा गया। डॉ. स्वाति ठाकुर गायनेकोलॉजिस्ट ने स्वच्छता दीदियों की स्वास्थ्य समस्याओं को सुनकर परामर्श प्रदान कर महिलाओं को अपने स्वास्थय के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी । इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। अपने घर एवं परिवेश के साथ कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ बनाए रखने का प्रण लें। आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य जीवन का मूल आधार होता है। एक स्वच्छ व्यक्ति ही स्वच्छ समाज का निर्माण करता है। सभापति कौशल्या देवांगन ने कहा कि हमें आसपास के लोगों को भी स्वच्छता का महत्व बताना चाहिए। आसपास स्वच्छ रहने से कई प्रकार की बीमारियों से अपने आपको बचा सकते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष जानकी गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रेया ठाकुर, पूजा रामरच्छानी, श्रीमती वंदना शर्मा का सहयोग रहा।

### मां कर्मा के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा में माता कर्मा की जंयती मनाई गई। कार्यक्रम क मुख्य अतिथि संरपच श्रीमती भुनेश्वरी साहू थीं। अध्यक्षता दवारिका साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पंकज साहू, घनश्याम सिंह साहू, कार्तिक साहू, घनश्याम साहू, रितेशवरी साहू तथा सीमा साहू थे। अनिल बनपेला दवारा साहू समाज भवन में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात महिलाओं दवारा कलशयात्रा निकाली गई। सामाजिकजनों द्वारा माता कर्मा की आरती की गई। अतिथियों ने मां कर्मा का गुणगान कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। ग्रामीण साहू समाज दवारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं चुमेश्वरी, रुपेशकुमार, गीतांजलि, ओगिता, लेखराज तथा कृतांजलि को नकद राशि, प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर तरुण साहू, हंसराज साहू, निर्मल साहू, गुलाब साहू, रेणुका साहू, हेमलता, पूर्णिमा बनपेला, सावित्री साहू, फगेश्वर साहू, चंद्रहास, करण साहू, अमरदास इंदल, अखिलेंद्र पुरुषोत्तम, देवकुमार, मिलेश्वर, आशाराम, रामकुमार, संतराम, संतोष, तोरण समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### युवक ने खाया जहर इलाज से पहले मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत माचपल्ली निवासी 30 वर्षीय सनीराम कुमेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। ईलाज के लिए सीएचसी पखांजूर लेकर गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृतक का 5 जनवरी को दोपहर 2 बजें मौत हो गया। मृतक ने जहर क्यों खाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दमकसा से भानुप्रतापपुर जाने वाले मार्ग में 18 मार्च को अज्ञात वाहन की टक्कर से कांकेर के भण्डारीपारा निवासी रिषीकेश पटेल घायल हो गया। घायल ने पुलिस को बताया कि हाल में दमकसा में रहता हूं और दमकसा से भानुप्रताापुर की ओर जा रहा था। अज्ञात मोटर सायकल के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मुझे टक्कर मार दिया, जिससे मैं घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## कर्णेश्वर महादेव मंदिर में हुआ मुख्यमंत्री कन्या विवाह

# 52 जोड़ों ने लिए सात फेरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा नगरी सिहावा में हुआ। 52 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। सात फेरे लिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा ने की। विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू जनपद सदस्य, प्रेमलता नागवंशी, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, कमल डागा, नगरपंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, नंदनी साहू, यशोदा साहू, पार्षद विनीता कोठारी, मिक्की गुप्ता, अलका साव, चेलेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, राजा पवार, लता साहू, बल्लू सेन, सुजीत यादव, टकेश शांडिल्य ,सुलोचना साहू, विभागीय अधिकारी सोमेंद्र साहू, अनीता साहू, हेमीन बंजारे, साधना बोदले, लता केशरी, चेमीन साहू, नर्मदा सोम, निशाबाला भौतेकर, कालिंदी देशलहरे, मेहतरीन कुर्रे, पुष्पा मोहिते महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करनी है। इस योजना के तहत सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए एक निश्चित राशि प्रदान करती है। इस योजना के तहत महिला बाल विभाग द्वारा नव दंपत्तियों को एक जोड़ी बिछिया, 1 नग मंगलसूत्र और वर वधु श्रृंगार सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की गई। 35000 रुपए का चेक प्रदान किया गया। कर्णेश्वर मंदिर के प्रांगण में 52 जोड़ों का विवाह पुरोहित के मंत्रोपचार द्वारा विधि-विधान से संपन्न हुआ।

# 155 मरीजों ने लिया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

- हड्डी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ ने दिया चिकित्सीय परामर्श

**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिर्री के बाजार चौक में अभनपुर के एक प्राइवेट अस्पताल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। यह शिविर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चला जिसमें बीपी, शुगर सहित अन्य जनरल बीमारियों की दवाई दी गई। सिर्री सहित समीपस्थ गांवों के मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। मौके पर सरपंच देशांत सिन्हा, जनपद सदस्य सिर्री लिली श्रीवास एवं पंचगण सहित गणमान्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। जनरल सर्जन डा. कुणाल पॉल के पास 80 मरीजों ने अपना इलाज कराया। डा. संजय जैन हड्डी रोग विशेषज्ञ ने 60 लोगों को इलाज हेतु उचित परामर्श दिया। शिशु रोग विशेषज्ञ डा. नीलकंठ सेन ने 15 मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया। विशेषज्ञों सहित अस्पताल स्टाफ ने मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं दवाई उपलब्ध कराई।




# सिवनीकला में नशे के खिलाफ चलेगा महिला कमांडो का डंडा

- सीटी और डंडे से असामाजिक तत्वों पर पाएंगी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम सिवनीकला में असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने, लोगों को नशे की नींद से जगाने एवं गांव में शांति का माहौल बनाए रखने जैसे उद्देश्यों को लेकर महिला कमांडो का गठन किया गया। नशे के खिलाफ महिलाओं ने मुहिम छेड़ दी है। गांव की गलियों में लगभग 60 महिला कमांडो रोज रात्रि में दस्तक देंगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत कुरूद के विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्त ग्राम बनाने के उद्देश्य को लेकर महिला कमांडो रात्रि में गांव की गलियों में गश्त करेंगी। असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने और लोगों को नशे से बचाने यह सराहनीय कदम साबित होगा। मौके पर सुरेशकुमार नंद सहायक उपनिरीक्षक अपने सिपाही सहित उपस्थित हुए और महिला कमांडो का हौसला बुलंद किया। इसके अतिरिक्त सरपंच लता ध्रुव, जनपद सदस्य टेकराम साहू, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, उपसरपंच दीपदान साहू उपस्थित रहे।

महिला कमांडो, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों की उपस्थिति में रिबन काटकर रात्रि में नशे के खिलाफ उठ रहे कदमों को सीटी और डंडे के शोर और नारों के साथ आगे बढ़ाया गया। महिला कमांडो का गठन किया गया। धर्मिन साहू अध्यक्ष, वेणुका साहू उपाध्यक्ष, कुलेश्वरी तारक सहउपाध्यक्ष, लक्ष्मी निर्मलकर कोषाध्यक्ष, शांता पाल सहकोषाध्यक्ष, मोनिका साहू सचिव, शशि साहू सहसचिव एवं संरक्षक लता ध्रुव, सुषमा, राधिका, सरस, रेणुका, पीलीबाई, ईश्वरी, कांति, थनवारिन, ममता बनाई गई। इसके बाद विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। सिवनीकला में शराब बेचने जैसे अवैधानिक कृत्य करने पर उचित कार्यवाही करने की बात कही गई। इसके अलावा बिक्री करने वाले के खिलाफ, गवाह सहित प्रमाण देने वाले व्यक्ति को 2 हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की गई। बेचने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। चौक चौराहों में बैठकर शराब पीने, जुआ, सट्टा खिलाने, गांजा बेचने, किराना दुकान में नशे की गोली बेचने जैसे अवैधानिक कृत्यों पर उचित कार्यवाही करने, दंड देने की बात को प्रस्ताव में शामिल किया गया। उक्त सभी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। मौके पर चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला सोसाइटी अध्यक्ष, पूर्व सभापति जपं कुरुद सुशील साहू, ग्राम पटेला सुरेश तारक, जितेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, पुरूषोत्तम पटेल, निर्मल पाल, सुरेश पंच समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# देवरी में जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत देवरी में जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की डबल इंजन की सरकार है। इससे क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य की योजनाओं को जनता तक पहुंचना हमारा कर्तव्य है। अध्यक्षता करते हुए श्रीमती अंगीरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी ने कहा कि में गांव और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। लोगों की समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी ने स्कूल में शौचालय की मांग को जल्द पूरा करने की बात रखी। मौके पर धनेश्वरी साहू सदस्य जिला पंचायत धमतरी, दिनेश्वरी साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, महेश चंद्राकर सरपंच देवरी, रामगोपाल चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता, रामेश्वर साहू, रमेश साहू, रामगुलाल साहू, पूर्व सरपंच जीवन साहू, बारना सरपंच दीपक पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

# वार्डों में जाकर जनप्रतिनिधि कर रहे मदद

**आयुष्मान कार्ड बनाने नपं कुरुद के वार्ड क्रमांक 8 में लगा शिविर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद


जिले में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष आयुष्मान वय वंदना कार्ड शिविर लगाया जा रहा है। जिसके लिए नगर के जनप्रतिनिधि अब वार्डों में उतरकर वार्डवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित कर आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद कर रहे हैं।


नगर पंचायत कुरूद के वार्ड क्रमांक 8 में आयुष्मान कार्ड योजना की जानकारी देने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं पार्षद रवि मानिकपुरी वार्ड में घर-घर जाकर जानकारी दे रहे हैं। कृष्णकांत साहू ने बताया कि आयुष्मान कार्ड, जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जारी किया जाता है। इसका उद्देश्य देश के गरीब और वंचित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करानी है जिसमें प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज शामिल है। इसका उद्देश्य उन लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करनी है जो पहले स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुंच पाते थे, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग। यह योजना लोगों को वित्तीय रूप से भी सुरक्षित करती है, क्योंकि इलाज के खर्च का भुगतान सरकार करती है, जिससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोग सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का लाभ सभी परिवार को मिले और लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं और सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके। इसके लिए सुलोचना साहू, अहिल्या निषाद, रेणुका देवगन, रामजी निषाद, प्रेमसिंग साहू, सुंदर साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता और बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दे रहे हैं।

### बरबांधा स्कूल के पांच बच्चों का नवोदय में चयन











**नगरी।** शाप्रा शाला बरबांधा के पांच छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। चयनित छात्र दिव्यांशु मरकाम पिता मदन लाल, निखिल कोर्राम पिता राजेंद्र कोर्राम, जागृति नेताम पिता सराधुराम नेताम, माधुरी मरकाम पिता बिसनाथ मरकाम, कार्तिक मरकाम पिता ललेश मरकाम हैं। शिक्षक कृष्ण कुमार कोटेन्द्र के मार्गदर्शन में इन बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रधानपाठक रमेश कुमार नागेश समेत स्कूल स्टाफ ने चयनित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# निगम में ग्रीष्मकालीन जल संकट से निपटने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली



नगर पालिक निगम के जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने पदभार संभालने के दूसरे ही दिन गुरुवार को जल विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और आगामी ग्रीष्मकाल के लिए आवश्यक तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश दिया जहां पेयजल संकट की संभावना अधिक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के दौरान नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए अभी से पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति की सतत निगरानी हो और जरूरतमंद इलाकों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जल स्रोत उपलब्ध कराए जाएं। अखिलेश सोनकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर में विभिन्न स्थानों पर प्याऊ केंद्र स्थापित किए जाएं, जहां से नागरिकों को गर्मी में ठंडा व स्वच्छ पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित की जाए कि सभी प्याऊ केंद्र सुचारू रूप से कार्यरत हों और वहां पानी की नियमित आपूर्ति बनी रहे। इसके अलावा उन्होंने उन स्थानों की पहचान करने को कहा जहां नागरिक जल आपूर्ति के लिए सिंटेक्स टंकियों पर निर्भर है। महापौर रामू रोहरा ने भी नागरिकों से अपील की कि वे जल संरक्षण को अपनी आदत बनाएं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में जल संकट से बचने के लिए सभी नागरिकों को जल बचत के प्रति जागरूक होना जरूरी है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नीलेश लूनिया, जल अधीक्षक प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमेश देवांगन ,लिपिक नरेंद्र साहू, धर्मेश शिंदे, मंगलू निर्मलकर उपस्थित थे।

## सामाजिक सरसता बढ़ाने सिंधी समाज ने किया आयोजन

# सिंधी भाषा में बनी फिल्म डेवालो देखने पहुंचे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के विमल टॉकिज में सिंधी भाषा की फिल्म डेवालो का एक दिवसीय प्रसारण हुआ। फिल्म के पहले शो से पहले समाजजनों द्वारा साईं झूलेलाल की आरती,पल्लव , अरदास की गई। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी चंद्रलाल जसवानी, रामचन्द वाधवानी, किशोर चारवानी, अशोक डुंबानी, झूलेलाल मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण धामेचा, राजू भोजवानी राजेश चावला सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। बता दें कि सिंधी समाज अपने मातृभाषा के प्रचलन और उत्थान के लिए 2005 से लगातार चेट्रीचंद्र महोत्सव के दौरान सिंधी भाषा की फिल्म का प्रसारण लगातार करते आ रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विमल टॉकिज में दिन के चारों शो में समाज के लोग फिल्म देखने पहुंचे।

**2005 से जारी है सिंधी फिल्म का प्रसारण :** सिंधी समाज धमतरी की इकाई सिंध नवयुवक सेवा समिति रिसाईपारा द्वारा 2005 से सिंधी समाज की भाषा के उत्थान और महत्व के लिए लगातार हिंदी भाषा फिल्म का प्रसारण किया जा रहा है। रिसाईपारा सेवा समिति के प्रमुख थावर राजवानी ने बताया कि समाज की नई पीढ़ी को समाज की अपनी मातृभाषा के महत्व और उसके संवर्धन के लिए लगातार 2005 से सिंधी भाषा की फिल्म प्रसारित करते आ रहे हैं।

### फिल्म के प्रसारण के साथ चेट्रीचंद्र का आगाज

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी राजेश चावला ने बताया कि 25 मार्च को एक दिवसीय सिंधी भाषा फिल्म का प्रसारण विमल टॉकिज में किया गया। चारों शो समाज के लोगों के लिए नि:शुल्क रहा। इस आयोजन के साथ सिंधी समाज के ईष्ट देव झूलेलाल साईं का जन्म महोत्सव का आगाज हो चुका है। बुधवार को कोष्टापारा स्थित झूलेलाल मंदिर में झूलेलाल मंडल के विशेष सहयोग से बाबा गुरमुख दास सेवा समिति द्वारा 281 झूलेलाल की मूर्ति का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। आगामी 5 दिन तक समाज के लोगों द्वारा अपने घर में विधि विधान के साथ झूलेलाल की आरती, पल्लव, अरदास की जाएगी।

# सामाजिक समरसता के लिए साहू समाज का किया गया सम्मान



**धमतरी।** सर्व समाज समन्वय महासभा छग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के वंशज प्रपौत्र सोमनाथ बोस एवं अन्य अतिथियों द्वारा तेलीनसत्ती महोत्सव कार्यक्रम एवं सामाजिक कार्यशाला हेतु साहू समाज का सम्मान किया गया। साहू समाज के प्रतिनिधि रूप में अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष, लीलाराम साहू जिला सचिव एवं ललित चौधरी जिला सदस्य, परिक्षेत्र अध्यक्ष खरतुली को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। ज्ञात हो कि ग्रामीण, परिक्षेत्र, तहसील एवं जिला सामाजिक इकाई व पदाधिकारियों एवं सर्वसमाज, ग्रामवासी तेलीनसत्ती के सहयोग से सामाजिक समरसता, समन्वय, समानता, सद्भाव, सनातन संस्कृति, संस्कार, सामाजिक संगठन की एकता को बढ़ावा देने के लिए साहू समाज का सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप




### युवाओं को सहकारिता से जोड़ने दिया मार्गदर्शन

**धमतरी।** कैरियर एलीवेट पाथवे सक्सेस प्रोग्राम में कृषि अर्थशास्त्री एवं कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर एनके साहू ने युवा पीढ़ी को सहकारिता से जुड़कर कार्य करने का मार्गदर्शन दिया साथ ही आने वाली पीढ़ियों को सहकार से समृद्धि की ओर कैसे आगे बढ़ना है एवं आत्मनिर्भर बनने समसामयिक विषयों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें करियर काउंसलिंग स्ट्रेस मैनेजमेंट स्टार्टअप विषयों के सलाहकार एक मंच में उपस्थित हुए।

### निहारिका और दुर्गा का नवोदय में चयन



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला डाही की दो छात्राओं का नवोदय में चयन हुआ है। प्राशा डाही के प्रधानपाठक बीरबल साहू ने बताया कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में स्कूल की छात्रा निहारिका सोनवानी तथा दुर्गा साहू ने सफलता हासिल की है। शुक्रवार को दोनों छात्राओं का स्वागत किया गया एवं मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर शिक्षक राधाकिशन साहू, पोखनलाल साहू, समन्वयक चोमनलाल जोशी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रविंद्र यादव, शिक्षक कमलकिशोर सिन्हा मौजूद थे।

### रोहन का जवाहर नवोदय में चयन



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला गेदरापारा की कक्षा पांचवीं में अध्यनरत रोहन नेताम पिता संतोष नेताम का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इनके चयन पर शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती रेखा सार्वा, शिक्षिका योगिता सिंह क्षत्रिय, संकुल समन्वयक राजेंद्र ध्रुव, संकुल प्राचार्य श्रीमती पी. ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सशिमं अरौद के सत्यम का नवोदय में चयन



**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर अरौद की कक्षा पांचवीं के छात्र सत्यम निषाद पिता परमानंद निषाद का नवोदय में चयन हुआ है। विद्यालय संयोजक पुरुषोत्तम साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रोशन लाल साहू, धनेश्वर साहू, उदयराम साहू, सरपंच पेखन साहू, प्रधानाचार्य गोविंद राम साहू, रामकुमार, पेमिन साहू, भारती साहू, देवश्री, डोमेश्वरी साहू, चांदनी निषाद ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मदिरा प्रेमियों के लिए अच्छी खबर, 4 प्रतिशत कम दाम पर मिलेगी

# एक अप्रैल से सस्ती हो रही अंग्रेजी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मदिरा प्रेमियों के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है। 1 अप्रेल से अंग्रेजी शराब 4 प्रतिशत कम दाम पर मिलेगी। राज्य शासन ने रेट लिस्ट जारी कर दी है।

वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश जारी के तहत छग देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री अनुज्ञापत्र के व्यवस्थापन नियम 2018 के नियम 9 के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विदेशी मदिरा के विभिन्न ब्रांड के लिए विक्रय दर निर्धारित की गई है। विभिन्न निर्माता कंपनी के व्हिस्की



रेडी टू ड्रिंक, जिन, रम के 750 मिली, 375 मिली व 180 मिली की मदिरा का रेट निर्धारित है। जिसमें आईकान प्रीमियम व्हिस्की, ब्रिजर टेन्गी, टवन्टी टवन्टी स्पेशल ड्राप, सिल्वर विंगस सुपर टवन्टी टवन्टी डीलक्स, प्रीमियम, ग्रेड कोलम्बिया स्पेशल, गोल्डन गोवा, फार फ्रेन्डस प्राईम, 21 सेंचुरी सुपर, रेड प्लानो वाईन, सुपर व्हिस्की, बेस्टो पेयर,



सुप्रीमो डीलक्स, केप्टन क्लब प्रेस्टिज, जम्मू प्रीमियम, सिन्डीकेट, बाम्बे टू गोवा, च्वाइस के व्हिस्की, जिन, रम की बॉटल 480, अद्धा 240 व पौवा 120 रुपए निर्धारित किया गया है। इसी तरह इंपीरियर प्रीमियम माल्ट, आफिसर च्वाइस, रियल पार्टनर, डालिंगटोन प्रेस्टीज, पालम बिच डीलक्स लाइफ स्टाईल, वाईन्ड सोर डीलक्स माल्ट, फ्रंटलाइन वन शॉट रियल ग्रेन, रायल ब्लेक, बाम्बे माल्ट, कैप्टन क्लब, मेंडाफ प्रीमियम माल्ट, प्लेटेनियम ब्लू, ब्लफ मास्टर, च्वाईस डीलक्स डबल बुल की बाटल 600, अद्धा 300 व पौवा 150 रुपए निर्धारित है। ब्लफ मास्टर, च्वाईस डीलक्स, सोल्डर डीलक्स, वोदका की बाटल 800 रूपए, अद्धा 400 व पौवा 200 रुपए में मिलेगा। अलग-अलग निर्माता कंपनी के अनुसार एक ही नाम के ब्रांड के रेट में कुछ अंतर हो सकता है।

## मेनोनाईट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में कक्षा नर्सरी से आठवीं एवं कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। शाला का वार्षिक परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने सभी को जीवन में लक्ष्य को निर्धारित कर उस लक्ष्य तक पहुंचने हेतु कड़ी मेहनत करने का संकल्प दिलाया। नए सत्र का आरंभ 2 अप्रैल से होने की घोषणा की।

# जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब उसकी कठपुतलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- विश्व रंगमंच दिवस पर कलाकारों का हुआ सम्मान

शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप धमतरी ने विश्व रंगमंच दिवस मनाया। मुख्य अतिथि प्रशांत गिरी गोस्वामी थे। अध्यक्षता राजकुमार सिन्हा, संरक्षक आकाशगिरी गोस्वामी ने की। विशिष्ट अतिथि वैभव रणसिंग थे। संस्था के वरिष्ठ कलाकार गौतम साहू ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।




इस दौरान ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला में आयोजित नाट्य विधा में सम्मिलित शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर के कलाकारों कल्पना, कशिश, विराज शाह, आशीष साहू, गुलशन ध्रुव, आकाशगिरी, सोहनलाल साहू, वैष्णवी, जान्हवी, प्रियांशी मिश्रा, दागेश्वर साहू, धनलक्ष्मी, भाविका को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रशांतगिरी गोस्वामी ने कहा कि भारत में रंगमंच की परंपरा बहुत पुरानी और समृद्ध है, जो वैदिक काल से लेकर भरत मुनि के नाट्यशास्त्र तक और फिर लोकनाट्य रूपों जैसे रामलीला, रासलीला, नौटंकी और तमाशा तक फैली हुई है। वरिष्ठ रंगकर्मी राजकुमार सिन्हा ने कहा कि रंगमंच अपनी जीवंतता और प्रत्यक्षता के कारण कभी खत्म नहीं हो सकता। यह दर्शकों के साथ सीधा भावनात्मक जुड़ाव बनाता है, जो स्क्रीन पर संभव नहीं। संरक्षक आकाशगिरी गोस्वामी ने बताया कि शाश्वत उत्सर्ग के कई प्रतिभाशाली कलाकार रंगमंच से सिनेमा और अन्य कला क्षेत्र में चले गए हैं, जहां बेहतर आय और पहचान मिली है। मौके पर दुष्यंत सिन्हा, प्रियांशी, लोकेश प्रजापति, चंद्रप्रकाश साहू, विनोद डिंडोलकर, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, गुलशन ध्रुव, हरीश सिन्हा, आशीष साहू, सचिन सोनी, मनोज बंछोर मौजूद थे।

## पलक का नवोदय विद्यालय में चयन



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर की छात्रा पलक ठाकुर पिता प्रदीप सिंह ठाकुर का जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद में चयन हुआ है। पलक ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं माता-पिता को दिया है। उनके पिता प्रदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत, लगन एवं अनुशासन से ही यह सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानपाठिका श्रीमती झमित मेश्राम, कक्षा शिक्षक मो. मुख्तार खान, श्रीमती साधना केशरवानी, श्रीमती राजकुमारी सोनी एवं श्रीमती इंदुरानी बंजारे ने कहा कि पलक शुरू से ही मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल समिति अध्यक्ष टेकराम साहू तथा उनके परिजन श्रीमती मोतिम ठाकुर, चित्रसेन ठाकुर, श्रीमती पुष्पा बाई ठाकुर, योजस्वी ठाकुर एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# तालाबों को भरने नालों की सफाई हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम जल संकट से निपटने और स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर तालाबों को भरने वाले नालों की सफाई का अभियान चला रहा है। महापौर रामू रोहरा और जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर के नेतृत्व में निगम का यह प्रयास शहर के पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए एक मिसाल बन रहा है। निगम कर्मचारियों द्वारा प्रमुख नालों की सफाई कर मानसून से पहले जलभराव की समुचित व्यवस्था की जा रही है। शहर के 10 प्रमुख तालाबों लिमाही तालाब, नया तालाब (सोरिद वार्ड), मेमे सागर तालाब, खपरी तालाब,



आमातालाब, त्यागी तालाब, रामसगरी तालाब, शीतला तालाब, खोड़िया तालाब और गंगा तालाब को इस अभियान में शामिल किया गया है। नगर निगम इन तालाबों में जल प्रवाह को सुचारू बनाए रखने के लिए तालाबों को जल स्रोतों से जोड़ने वाले नालों की सफाई करवा रहा है, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या को रोका जा सके।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ जल और बेहतर पर्यावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यह सिर्फ सफाई अभियान नहीं, बल्कि जल संरक्षण का एक बड़ा प्रयास है। जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने कहा कि हमारी टीम पूरी मेहनत से इस कार्य को अंजाम दे रही है। तालाबों में स्वच्छ जल भराव के लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम की इस पहल से न केवल शहरवासियों को स्वच्छ जल मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा।

## राइस मिल की चिमनी में लगी आग



**धमतरी।** महावीर राइस मिल की चिमनी के उपर अचानक आग की लपटें उठने लगी। घटना शुक्रवार को दोपहर करीब 12.30 बजे की है। बताया गया है कि चिमनी की उंचाई 100 फीट है। चिमनी के उपरी हिस्से में आग लगी थी। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी शोभा ठाकुर के निर्देश पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची और आग पर काबू पाया। टीम में फायरमैन राजेश हिरवानी, अभिनव तिवारी, वाहन चालक दिलीप निषाद शामिल थे।

# लोक निर्माण विभाग के कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोक निर्माण विभाग रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप एवं लोक निर्माण विभाग मण्डल रायपुर के अधीक्षण अभियंता वीरेन्द्र सिंह ने धमतरी संभाग अंतर्गत कार्यालय कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने कहा। कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग धमतरी अंतर्गत दीनदयाल साहू सहायक ग्रेड 2 का अधिवार्षिकीय आयु 62 वर्ष पूर्ण होने के फलरूवरूप सेवानिवृत्त कार्यक्रम 28 मार्च को आयोजित किया गया। दीनदयाल साहू सहायक ग्रेड 2 को पेंशन भुगतान आदेश लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा प्रदान किया गया। अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दीनदयाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया आकस्मिक जायजा, मरीजों से की बातचीत

# गुजरा पीएचसी में कर्मचारियों के लिए लगेगा बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद विकासखण्ड के गुजरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का आकस्मिक जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों से बात की और इलाज की सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

मरीजों ने अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति कम होने की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने बीपीएम और बीएमओ को डॉक्टरों सहित सभी पदस्थ अमले की शत-प्रतिशत उपस्थिति प्रतिदिन ड्यूटी अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





कलेक्टर ने मरीजों के सामने ही अधिकारियों को चेताया कि डॉक्टरों या किसी कर्मचारी के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने से मरीजों के इलाज में लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महीने हो रहे संस्थागत प्रसवों की जानकारी ली। उन्होंने आगामी महीनों से स्वास्थ्य केन्द्र में ही अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिना किसी बड़े कारण के मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने को भी कहा। श्री मिश्रा ने मातृ वंदन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूती सहायता योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए मरीजों- गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों से आयुष्मान कार्ड से इलाज के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों से भी उनकी तबीयत पूछी और इलाज के बारे में जानकारी ली।

ग्राम लिमतरा की मरीज सजनी ने बताया कि डायरिया के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टर दो बार परीक्षण कर चुके हैं, दवाएं और ग्लूकोज लगाया जा रहा है। कलेक्टर ने डॉक्टरों को अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का गंभीरता से इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रात्रिकालीन शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों को अस्पताल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। अस्पताल में शासकीय अमले के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए।

